## संशोधन अधिनियमों और विधि अनुकूलन आदेशों की सूची

1. भारतीय तार (प्रेसिडेंसी नगर) अधिनियम, 1888 (1888 का 11)।
2. भारतीय तार (संशोधन) अधिनियम, 1914 (1914 का 7)।
3. भारतीय डाकघर और तार (संशोधन) अधिनियम, 1914 (1914 का 14)।
4. भारतीय तार (संशोधन) अधिनियम, 1930 (1930 का 27)।
5. भारत सरकार (भारतीय विधि अनुकूलन) आदेश, 1937 ।
6. निरसन अधिनियम, 1938 (1938 का 1)।
7. भारतीय स्वतंत्रता (केंद्रीय अधिनियमों और अध्यादेशों का अनुकूलन) आदेश, 1948 ।
8. भारतीय तार (संशोधन) अधिनियम, 1948 (1948 का 45)।
9. विधि अनुकूलन आदेश, 1950 ।
10. भाग ख राज्य (विधि) अधिनियम, 1951 (1951 का 3)।
11. भारतीय तार (संशोधन) अधिनियम, 1957 (1957 का 47)।
12. तार विधि (संशोधन) अधिनियम, 1961 (1961 का 15)।
13. भारतीय तार (संशोधन) अधिनियम, 1971 (1971 का 33)।
14. भारतीय तार (संशोधन) अधिनियम, 1972 (1972 का 38)।
15. भारतीय तार (संशोधन) अधिनियम, 1974 (1974 का 48)।

पृष्ठ

**अन्य संपत्ति को लागू उपबंध**

16. स्थानीय प्राधिकारी की संपत्ति से भिन्न संपत्ति की अवस्था में धारा 16 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग और उक्त अवस्था में प्रतिकर की बाबत विवाद

17. स्थानीय प्राधिकारी की संपत्ति से भिन्न संपत्ति पर की तारयंत्र लाइन या खड़ा करना या बदलना 8

**समस्त संपत्ति को लागू उपबंध**

18. तारयांत्रिक संचार में विघ्न डालने वाले पेड़ों को हटाना 9

19. इस अधिनियम के पारित होने के पूर्व लगाई गई तारयंत्र लाइन और खंबे 9

19क. ऐसे व्यक्ति द्वारा सूचना का दिया जाना जिसके द्वारा वैध अधिकार के प्रयोग से तारयंत्र को नुकसान होने से या तारयांत्रिक संचार में विघ्न पड़ने की संभाव्यता हो 9

19ख. इस भाग के अधीन तारयंत्र प्राधिकारी की शक्तियों को अनुज्ञप्तिधारी को प्रदत्त करने की शक्ति 9

**भाग-4**

**शास्तियां**

20. अनाधिकृत तारयंत्र की स्थापना, अनुरक्षण या पालन 10

20क. अनुज्ञप्ति की शर्त का भंग 10

21. अनाधिकृत तारयंत्रों का उपयोग करना 10

22. रेल भूमि पर तारयंत्रों की स्थापना का विरोध 10

23. संकेत कक्ष में बलात प्रवेश, तारयंत्र कार्यालय में अतिचार या बाधा डालना 10

24. संदशों की अंतर्वस्तुओं को जलाने का विधिवत या प्रयत्न करना 11

25. तारयंत्रों की सालक नुकसान या बिगाड़ना 11

25क. तारयंत्र लाइन या खंबे को क्षति पहुंचाना या उसमें हस्तक्षेप करना 11

26. तारयंत्र अधिकारी या अन्य अधिकारी का संदशों को नष्ट करना या बदलना या विधिवक्ता अंतरण या प्रकट करना या संकेतों का अभिप्राय प्रकट करना 11

27. तारयंत्र अधिकारी का संदाय के बिना कपटपूर्वक संदशों को भेजना 12

28. अवचार 12

29. (निरसित) 12

29क शास्ति

30. जून से परिदत्त संदेश की प्रतिवृत्त रखना 12

31. रिश्वत 12

32. अपराध करने के प्रयत्न 12

**भाग-5**

**अनुपूरक उपबंध**

33. उन स्थानों में जहां तारयंत्रों के संबंध में प्रविष्टि बार-बार की जाती है अतिरिक्त पुलिस के नियोजन को शक्ति 18

34. अधिनियम का प्रेसीडेंसी नगरों को लागू होना 15

35. (निरसित)

## भारतीय तार अधिनियम, 1885
## (1885 का अधिनियम संख्या 13)

**[22 जुलाई, 1885]**

**भारत में तारयंत्र से संबधित विधि के**
**संशोधन के लिए**
**अधिनियम**

यतः भारत में तारयंत्र से संबंधित विधि का संशोधन करना समीचीन है;
अतः एतद्द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित किया जाता है :-

### भाग-1
### प्रारम्भिक

**1. संक्षिप्त नाम, स्थानीय विस्तार और प्रारंभ :** (1) यह अधिनियम भारतीय तार अधिनियम, 1885 कहा जा सकेगा।
[2][(2) इसका विस्तार [3]*** संपूर्ण भारत पर है।]
(3) यह 1885 के अक्तूबर के प्रथम दिन को प्रवृत्त होगा।

2. [निरसन और व्यावृत्ति ।] निरसन अधिनियम, 1938 (1938 का 1) की धारा 2 और अनुसूची द्वारा निरसित।

**3. परिभाषाएं :** इस अधिनियम में, जब तक कि कोई बात विषय या संदर्भ में विरूद्ध न हो -
[4][(1) "तारयंत्र" से किसी प्राकर के चिह्नों संकेतों, लेखन प्रतिबिबों और ध्वनियों अथवा आसूचना का तारयंत्र, चाक्षुष या अन्य विद्युत-चुंबकीय उत्सर्जनों, रेडियो तरंगों अथवा हर्टसी तरंगों, गैल्वनीय, विद्युत या चुंबकीय साधनों से पारेषण या प्राप्ति के लिए प्रयुक्त या प्रयोक्तव्य कोई साधित्र, उपकरण, सामग्री या यंत्र अभिप्रेत है।

**स्पष्टीकरण :** "रेडियो तरंगों" या "हर्टसी तरंगों" से कृत्रिम निदेश के बिना अंतरिक्ष में संचालित 3000 जीगा साइकिल प्रति सैकिंड से कम आवृत्तियों की विद्युत चुंबकीय तरंगें अभिप्रेत हैं;]

(2) "तारयंत्र अधिकारी" से [5][केंद्रीय सरकार] द्वारा या इस अधिनियम के अधीन अनुज्ञप्त व्यक्ति द्वारा स्थापित, अनुरक्षित या चालित तारयंत्र के संबंध में या तो स्थायी या अस्थायी रूप से नियोजित कोई व्यक्ति अभिप्रेत है;

---

1. यह अधिनियम -
   अधिसूचना सं0 2735, तारीख, 01.09.1962, भारत का राजपत्र, असाधारण, भाग-2, अनुभाग 3(ii), पृ0 1991 द्वारा गोवा, दमण और दीव पर।
   1963 के विनयम सं0 6 की धारा 2 और अनुसूची 1 द्वारा दादरा और नागर हवेली पर ;
   1965 के विनियम सं0 8 की धारा 3 और अनुसूची द्वारा लक्कादीव, मिनीकोय और अमीनदीवी द्वीपसमूह ; पर विस्तारित किया गया।

   यह अधिनियम 1899 के विनियम सं0 3 द्वारा संशोधित संथाल परगना सैटलमैंट रेगूलेशन 1872 (1872 का 3) की धारा 3 द्वारा संथाल परगना में, खोंडमाल लॉज रेगूलेशन, 1936 (1936 का 4) की धारा 3 और अनुसूची द्वारा खोंडमाल जिले में; और आंगुल लॉज रेगूलेशन, 1936 (1936 का 5) की धारा 3 और अनुसूची द्वारा आंगुल जिले में प्रवृत्त घोषित किया गया। बरार लॉज ऐक्ट, 1941 (1941 का 4) द्वारा बरार में भागतः विस्तारण किया गया।

2. 1948 के अधिनियम सं0 45 की धारा 2 द्वारा पूर्ववर्ती उपधारा के स्थान पर प्रतिस्थापित।

3. विधि अनुकूलन आदेश, 1950 द्वारा लोप किए गए "हैदराबाद राज्य को छोड़कर" शब्द 1951 के अधिनियम सं0 3 की धारा 3 और अनुसूची द्वारा अंतः स्थापित।

4. 1961 के अधिनियम सं0 15 की धारा 2 द्वारा खंड (1) के स्थान पर प्रतिस्थापित।

5. विधि अनुकूलन आदेश 1937 द्वारा "सरकार" के स्थान पर प्रतिस्थापित।

